nt>

12.42 hrs.

Title: Regarding re-organisation of Railway Zones.

MR. SPEAKER: Friends, I have received a number of notices on an important issue which was also discussed in the House. The issue is about the creation of new Railway Zones. I have received several notices. I may be able to read some of the names. They are as follows: Shri Adityanath, Shri Nitish Sengupta, Shri Basudeb Acharia, Shri Sudip Bandopadhyay, Kumari Mamata Banerjee, Dr. Raghuvans Prasad Singh, Shri Ajay Chakraborty; and several other people have given notices.

This issue was raised during the Question Hour also.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): But it was not replied to properly.

MR. SPEAKER: I know it was not fully replied to because of shortage of time. I personally feel that this requires a longer discussion. But since people have given notices and since we have inadequate time at our disposal, I would like a few Members to express their views on the issue. Their views should not be of any allegatory nature. They can simply put the views that they want to put so that the time is properly utilised. It does not mean that I am not in favour of allowing a discussion on this.

I would go to the Business Advisory Committee and take up this issue with the leaders of the different political parties. It can be decided in the meeting as to whether a discussion should be allowed or not and if it is to be allowed, then when it is to be allowed. In the mean time, those Members whose names are there in the list would be allowed to speak briefly.

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (CALCUTTA NORTH WEST): Sir, I am withdrawing my name from the list in favour of Kumari Mamata Banerjee.

MR. SPEAKER: Her name is there in the list and she would be allowed to speak. We can go to one item. Let me also make it clear once again that those issues concerning the States, cities and concerning specific problems could be raised under Rule 377. During the Zero Hour, only important issues of the country and those issues which are of national and international importance would be permitted to be taken up. And those issues on which discussions are already allowed would not be allowed to be taken up here again and again during the `Zero Hour'. That would help the entire House and those Members who are sincere about the business of the House.

Shri Basudeb Acharia has given a notice of Adjournment Motion and another notice also on this, and so he will speak first on this issue and then Kumari Mamata Banerjee would speak.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Sir, for the last three days I have been giving notices for `Zero Hour' to raise an issue of national importance, namely drought.

MR. SPEAKER: A discussion on drought would be permitted.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : Sir, thank you.

SHRI BIJOY HANDIQUE (JORHAT): Sir, what about the flood situation?

MR. SPEAKER: Both the issues would be taken up together.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, a number of questions have been raised in the past on the floor of the House.

MR. SPEAKER: Shri Acharia, you have to be brief.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I would be very brief because I know there would be a discussion on this under Rule 193 and at that time I can speak on it in an exhaustive manner.

Sir, a number of questions have been asked on the floor of the House in the past in regard to re-organisation of Zones. The reply that we have received is that the entire issue of re-organisation is under review in the light of resource crunch presently faced by the Railways. This was the reply given on 3rd August, 2000. There have been a number of similar replies.

In 1996, the then Railway Minister suddenly announced creation of six zones. We objected to that. I was the Chairman of the Standing Committee on Railways then. We immediately took up this matter for examination. We instructed the Ministry of Railways not to proceed in the matter as the Standing Committee had taken up this matter for examination. Without paying heed to the instructions of the Standing Committee, the Ministry of Railways went

on with the laying of foundation stones for construction of new zones.

In 1998, another new zone was announced. The Minister was saying that creation of new zones was done based on the recommendations of Review Committee. That Committee was appointed in 1981. It submitted its report running into 12 volumes, one of which was on regrouping of sub-zones. That Committee recommended creation of three zones to start with. It recommended that after the first three zones start full-fledged functioning, the fourth zone could be started.

The situation in the year 1984, when the Railway Reforms Committee made its recommendation, was quite different from that of today. There has been a lot of improvement in information technology since then. After that, a number of Committees have examined this aspect, in addition to the Standing Committee. Very recently, Rakesh Mohan Committee has submitted its report. This Committee was constituted in 1998 by the present Railway Minister in his first tenure. Rakesh Mohan Committee has vehemently criticised the formation of new zones. The report of the Comptroller and Auditor General of India is also there. C&AG also vehemently criticised the creation of new zones.

Sir, this is not a question of Bengal vs. Bihar. It is being posed as if this is a question of Bengal vs. Bihar. Our basic question is whether there is any need for creation of a new zone or not. According to five former General Managers, who are experts in this field, if two new zones with Headquarters one at Hajipur and the other at Allahabad are created, supply of coal and steel from the Eastern part of our country to the Northern parts would be disrupted. They said that multiplicity of management centres and zones would disrupt the trunk route that links the eastern part of India, where coal and steel deposits are available, with the northern parts of the country.

When Railways is facing a resource crunch, it was stated two years ago, what is the need to create new zones? What would be the expenditure that would be incurred on this? As per the estimate given in 1986, the minimum fund required to make one new zone functional is Rs.250 crore. Today it will be double that amount. It will be about Rs.500 crore per zone and that makes it a total of Rs.3,500 crore.

MR. SPEAKER: You can say all this when you participate in the debate. You can only express your approach to the issue today.

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, moreover...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : अध्यक्ष महोदय, यह किस विाय पर चर्चा हो रही है। इसका उत्तर दिया जा चुका है, अब कौन सी चर्चा हो रही है।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : हमारा एडजर्नमैन्ट का नोटिस हैâ€¦ (व्यवधान) मुझे बोलने का मौका दिया जाए, मैं सारा भेद खोल दूंगा।â€¦ (व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, this is not the question of Bihar and Bengal...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Prabhunath Singh, please take your seat

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, after the creation of a new zone whether the railways will be operational....(*Interruptions*)â€¦According to the Expert Committee, creation of new zones will not be adding the operational efficiency of the Railways. So, Sir, there is no need for any such zone.â€¦ (*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : आप मुझे बार-बार उठने के लिए क्यों मजबूर करते हैं।â€¦ (व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, no single new project was announced...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: I have received a number of notices on this issue. I know that you all want to draw the attention of the House and also of the country on this important issue. Everybody is interested to see that the country remains united on this issue.

During the 'Question Hour', it was raised and there itself I had said that the BAC would be the proper authority to decide for a detailed discussion on this subject. But since I have received lots of notices, I thought that the discussion can take place in the next week probably. But at the same time, no injustice should be done to the Members who have given notices. Therefore, my request would be only to state very briefly your view points. As brief as possible you can express your views.

So, please cooperate. This is in the interest of all the Members. It is not only the question of Bihar and Bengal, as he rightly said. It is the question of the entire country. Therefore, I am entirely aware of the issue. I have given the permission because the decency demands that those Members who have taken up any national issue should be

allowed to speak for two minutes.

I hope, you will all cooperate. Let there be a nice discussion to focus the attention not only of the Parliament but of the entire country. Otherwise, any time I can stand up and say that the House is adjourned. But instead of doing that, I think that the best way is that the Members who are really desirous should make a very brief statement on this issue. During the discussion next week, they can make their speeches for as much time as they want. Now, please cooperate.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, my last point is this.

MR. SPEAKER: Please conclude now.

...(*Interruptions*)

श्री प्रभुनाथ सिंह : इसी विाय पर सदन में प्रश्न किया गया था और उसका जवाब भी आया था। अब इस पर तृणमूल कांग्रेस के लोग बोल रहे हैं, इस चर्चा का औचित्य क्या है। दस मिनट पहले इन्होंने इसी विाय पर चर्चा की थी। â€¦ (व्यवधान) दस मिनट पहले की प्रोसीडिंग देख ली जाए।

अध्यक्ष महोदय : जब मैं आपको बोलने का चान्स दूंगा तब आप बोलें।

MR. SPEAKER: He is on his legs. I will give a chance to you also. Please take your seat.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, let the entire issue be referred to an Expert Committee. Till then, the notification which has been issued should be kept in abeyance.

KUMARI MAMATA BANERJEE (CALCUTTA SOUTH): Hon. Speaker, Sir, when the Prime Minister and the Deputy Prime Minister sat together and decided that the issue should go back to the Cabinet, we thought that it would not be proper to discuss it in the House because we trust the Prime Minister and the Deputy Prime Minister. They have already said that they will discuss this matter in the Cabinet.

But, Sir, today I am worried. Even after such a decision of the Prime Minister, I see in the reply of one of the Starred Questions today where it has been mentioned that on the 14^{th} June the notification has been issued. It is the reply of the hon. Minister. But the notification has been issued on the 4^{th} July. On this matter, the Minister has misled the House. Already, the notification has been issued on 4^{th} July and on 14^{th} was the first meeting about the new zones.

Sir, I would like to inform you that the Government had said that this matter should go back to the Cabinet. Then how come the instructions are being given by the Department of Railways that more than 10,000 staff should be shifted from Calcutta to other parts of the country? Sir, as you know, Indian Railways are the lifeline of the nation.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : हम लोगों को भी बोलने का मौका दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी : आप भी बोलिये।

Sir, Indian Railways are the lifeline of the nation. This Zone was set up because of the railway infrastructure, the communication system, the port system, the coal availability and the availability of other infrastructure. Fortunately or unfortunately, Kolkata, Chennai, Mangalore, Hyderabad and Mumbai are A-1 Cities and have some basic facilities.

Two Zones are situated in Kolkata − the Eastern Railway and the South-Eastern Railway. The Central Railway and the Western Railway are situated in Mumbai. The Southern Railway is situated in Chennai. The South-Central Railway is situated in Secunderabad. The North-East Frontier Railway is situated in Guwahati and the Northern Railway is situated in Delhi. Why are we raising this question now?

They are talking about the reports of 1984. To all those reports, the Government so far said that there is no need for doing that. But after 18 years, now they are saying that they are going to accept those reports. It is a major unilateral decision, without making any study.

Sir, you can, for the moment, forget about Bengal. We know what to do and what not to do. We did not divide and we do not want to divide the country. But here, some people are playing the dirty game to divide the country, but we are not. But, I would like to ask you, Sir, one question. You belong to Mumbai and if the Western Railway or the Central Railway is going to be bifurcated, what will you do? We do not want that the State should not get that opportunity. But I request them not to bifurcate. When I have the existing facilities, you have no right to withdraw those facilities or to shift those existing facilities. But this is happening. It is because of political vendetta; this is a dirty game to divide this country. If you cut-off the lifeline of the nation, the country will be divided.

The Standing Committee on Railways, not once, but three times recommended; the Railway Convention Committee has recommended; the Rakesh Mohan Committee has recommended. I did not set up that Committee when I was

the Railway Minister, but it is the present Railway Minister who set up that Committee to do railway reforms and restructuring. He said that it is a dubious decision and that it cannot be done. So, we have the reports of the Standing Committee on Railways, the Railway Convention Committee, the CAG reports, the reports of other expert committees, the opinion of former Chairmen, etc. We do have even the opinion of the five recognised Unions including NFIR, AIRF, the Officers' Federation, the Promotee Officers' Federation and RPF Association. All are opposing this move. Why?

He is thinking that from his house, he would take the railway line; it should go through his house and from his house and thereby, dividing the country. We strongly object to it. I will request them to reconsider this. I feel that the Cabinet is the supreme. The Prime Minister and the Deputy-Prime Minister have said that this matter is referred to the Cabinet. So, the reply to this question should not be treated as the Minister's final reply. The House wants to know whether the Prime Minister is supreme or the individual Minister is supreme who is doing this because of political vendetta. We want to know this.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, सन् 1996 में नए रेलवे ज़ोन बनाने का निर्णय भारत सरकार ने किया था। हाजीपुर में नए ज़ोन का उद्घाटन तत्कालीन प्रधान मंत्री देवेगौडा जी ने किया था, लेकिन बीच अंतर में राजनीतिक द्वो और भेदभाव के चलते काम आहिस्ता चला। हम लोग एक दर्जन बार इस मामले को उठा चुके हैं। कुमारी ममता बनर्जी जब रेल मंत्री थीं तो हमने बार-बार चेतावनी दी थी कि रेलवे ज़ोन को रोका तो हिन्दुस्तान में अमन-चैन कायम नहीं रहेगा, बिहार की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मामले में पहले बंगाल विधान सभा ने एक प्रस्ताव पारित किया, उसके जवाब में बिहार ने प्रस्ताव पारित किया। वहां से दो बार प्र ातिनिधिमंडल आकर प्रधान मंत्री, उप प्रधान मंत्री और रेल मंत्री सभी से मिल चुके हैं। यह प्रथम मौका है और मैं 1996 से देख रहा हूँ कि अनेक मुद्दों पर जब बिहार का सवाल आता था तो हम लोग आपस में बँट जाते थे। इस कारण बहुत अन्याय बिहार के साथ हुआ और बिहार की जनता के साथ हो रहा है। अब संयोग है कि इस बार हम सब एकजुट हो गए हैं।

13.00 hrs.

इसीलिए हाजीपुर में आन्दोलन शुरू हो गया है। ममता जी नेता हैं। बिहार के लोग भी वहां वोट देते हैं। हमारे लोग भी बंगाल में बसे हैं। सिर्फ बंगाल में ही नहीं बल्कि देश भर में बसे हैं। â€¦ (व्यवधान)

कुमारी ममता बनर्जी : हमारे यहां के 40 परसेंट लोग बिहार में रहते हैं। हम भी उन्हें प्रोटैक्ट करते हैं।â€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : ठीक है। हाजीपुर जोन बना है। उसकी एक इंच जमीन भी कलकत्ता में नहीं है, लेकिन हाजीपुर रेल जोन को कलकत्ता में रखने की कोशिश हो रही है। इसे हम लोग सहन नहीं कर सकते हैं। हेरा-फेरी को सहन नहीं कर सकते हैं। ईंट से ईंट बजेगी और अध्यक्ष महोदय "ऐसा आन्दोलन होगा फिर कभी नहीं जैसा होगा। " हाजीपुर जोन के साथ अगर किसी तरह की छेड़छाड़ की गई, तो हम उसे बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। देश विध्वंस के कगार पर पहुंच जाएगा। ममता जी, हिन्दुस्तान बंट जाएगा। बिहार से लड़ाई लड़कर क्या कभी कोई जीत सका है। एक भी रेल दिल्ली से बिहार होते हुए बंगाल नहीं जाएगी। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : डा. रघुवंश प्रसाद सिंह जी बैठिए। आपकी बात हो गई।

...(व्यवधान)

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, मुझे सिर्फ दो मिनट का समय अपनी बात कहने के लिए दे दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : ठीक है। मैंने अभी योगी आदित्यनाथ का नाम बोलने के लिए पुकारा है। उन्हें अपनी बात कह लेने दीजिए। उसके बाद मैं आपको बोलने के लिए एलाऊ करूंगा। आप सब लोग बैठिए।

श्री अकबर अली खांदोकर (सेरमपुर) : अध्यक्ष महोदय, अभी माननीय सदस्य ने कहा कि एक भी रेल बिहार से बंगाल नहीं जाएगी।â€¦ (व्यवधान) क्या यह बिहार और बंगाल का झगड़ा है ?

अध्यक्ष महोदय : मैं जानता हूं कि यह बंगाल और बिहार का झगड़ा नहीं है।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : योगी आदित्यनाथ जी आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री अकबर अली खांदोकर : अध्यक्ष महोदय, एक भी गाड़ी बिहार से बंगाल नहीं जाएगी, यह माननीय सदस्य कैसे बोल सकते हैं ? â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : जब तक आप सुनेंगे नहीं, तब तक आप कैसे बोलेंगे। आप बैठिए। मैंने योगी आदित्यनाथ को बोलने के लिए कहा है।

...(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, यह रेलवे के जोन का मामला है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह जी, मैंने आपको बोलने का अवसर दे दिया। कृपया अब आप बैठिए।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : They are trying to divide the nation....(*Interruptions*)

श्री अकबर अली खांदोकर : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य कह रहे हैं कि बिहार से बंगाल गाड़ियां नहीं जाएंगी। इन शब्दों को रिकार्ड से हटाइए।â€¦ (व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : He is saying that no train will be allowed to pass through his State. How can it be?...(*Interruptions*) It is a provocation....(*Interruptions*)

श्री अकबर अली खांदोकर : अध्यक्ष महोदय, क्या यह पार्लियामेंट बिहार का है ? बिहार से एक भी गाड़ी बंगाल नहीं जाएगी, यह जो बात माननीय सदस्य ने कही है, इसे रिकार्ड से निकालिए। बिहार से बंगाल गाड़ी नहीं जाएगी, ऐसा बोला जाना ठीक नहीं है।â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं सभी से कहूंगा कि यदि कोई अनपार्लियामेंट्री भाïा का प्रयोग हुआ है, तो वह रिकॉर्ड से निकाल दिया जाएगा।

योगी आदित्यनाथ जी, क्या आपको बोलना नहीं है ?

KUMARI MAMATA BANERJEE : Sir, a representative of one State cannot threaten the representative of other State....(*Interruptions*) Our only objection is, he should not speak like this....(*Interruptions*)

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान इसी विवादास्पद मुद्दे की ओर आकर्तित करना चाहता हूं। महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र जोन का मुख्यालय है। पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय गोरखपुर में पड़ता है। गोरखपुर के पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय से दो मंडल समस्तीपुर और सोनपुर अलग किये जा रहे हैं। â€¦ (व्यवधान) ये उसी जोन में पड़ते हैं। â€¦ (व्यवधान)

आप बैठ जाइये और हमें सुनिये। इन दोनों मंडलों को अलग करने से पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय सबसे छोटा जोन हो जायेगा। मात्र तीन मंडल इज्जतनगर, वाराणसी और लखनऊ इसमें रह जायेंगे। यह छोटा जोन होने के साथ-साथ लखनऊ को बाद में मध्य जोन से और वाराणसी को इलाहाबाद से मिलाने की साजिश है। इसका मतलब यह है कि पूर्वोत्तर रेलवे का अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। यह सबसे पुराना जोन है। 1952 में जब छह जोन गठित हुए थे। â€¦ (व्यवधान) रघुवंश बाबू, जब आप बोल रहे थे तब मैं नहीं बोल रहा था। â€¦ (व्यवधान) आप बंगाल को धमकी दे सकते हैं लेकिन हमें नहीं दे सकते। बिहार में जो भी ट्रेन जाती है, वह यू.पी. से होकर जाती है इसलिए आप मुझे धमकी मत दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री हन्नान मोल्लाह (उलूबेरिया) : अध्यक्ष महोदय, ईस्ट इंडिया कम्पनी ने तो रेल को बनाकर देश को जोड़ने का काम किया लेकिन बी.जे.पी. की सरकार इसका बंटवारा करके देश को तोड़ने का काम कर रही है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ऐसा नहीं होगा, आप फिक्र मत कीजिए।

...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : अध्यक्ष महोदय, पहले भी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय को स्थानांतरित करने की साजिश रची गई थी। उस समय भी आंदोलन हुआ था। उस आंदोलन के परिणामस्वरूप गोरखपुर में पुनः पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय को बनाया गया था।

मैं कहना चाहता हूं कि एक तरफ रेल मंत्रालय रोता है कि हमारे पास संसाधन नहीं है दूसरी तरफ वहां नई रेल लाइन बिछाने के लिए कई प्रस्ताव आज भी पेंडिंग पड़े हुए हैं। लाइनों के दोहरीकरण का मामला पड़ा हुआ है। विद्युतीकरण के मामले पड़े हुए हैं। नये जोन बनने से तमाम खर्चे बढ़ेंगे। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि नये जोन बनाने में जो पैसे खर्च होंगे, उस पैसे को वहां पर लगाया जाये जहां लाइनों के दोहरीकरण का मामला है, आमान परिवर्तन का मामला है, रेलवे लाइन के ि वद्युतीकरण का मामला है या नयी ट्रेनें चलाने का मामला है।

अध्यक्ष महोदय, इस मामले का विरोध रेलवे की सभी यूनियनों ने किया है। राकेश मोहन कमेटी ने भी इसका विरोध किया है। इसके साथ-साथ संसद की स्थायी समिति ने भी इसका विरोध किया है। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : सभी पार्टी के मैम्बर्स को बोलने का चांस देना है।

...(व्यवधान)

योगी आदित्यनाथ : अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि इस राजनीति प्रेरित मुद्दे को स्थगित करके इस पर पुनर्विचार किया जाये अन्यथा जो आंदोलन होने जा रहा है, वह बड़ा खतरनाक होगा। पूर्वोत्तर रेलवे में आंदोलन प्रारंभ हो चुका है। यह आंदोलन हिंसक न हो और तमाम लोग सड़कों पर न उतरें इसलिए इस पर पुनर्विचार करके इस मुद्दे को स्थगित किया जाये।

SHRI AJOY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Sir, I would like to draw the attention of this august House to a very important matter. The Ministry of Railways has taken a very unfortunate and unwise decision of creating a new additional zone by bifurcating the existing Eastern Railway and the South-Eastern Railway. This decision has provoked discontentment and disapproval among the people of that region.

Sir, before taking this unwise decision, the Ministry of Railways has neither sought opinion of the Standing Committee on Railways nor of other Committees. Not only that, six former Chairmen, Railway Board, have written letters to the Prime Minister disapproving and opposing this decision regarding bifurcation. The financial condition of Railways is already bad and the job of creating new zone requires huge amount of money. So, this decision will put extra burden on the Railways.

Sir, I am sorry to say that the Railway authorities have not taken this decision for the development of the Railways. I am rather compelled to say that the Minister of Railways has taken this unfortunate and unwise decision on parochial and sectorial outlook. He has not taken this decision for the development of Railways. I want to know the reaction of the Government. We oppose this decision tooth and nail. I request the Government to withdraw this decision.

श्री रघुनाथ झा : माननीय अध्यक्ष महोदय, 1996 में केन्द्रीय मंत्रिपरिषद ने जोन बनाने का फैसला किया, जिस समय श्री रामविलास पासवान जी रेल मंत्री थे। सुश्री ममता बनर्जी उस समय कांग्रेस की सदस्य थीं और कांग्रेस पार्टी के समर्थन से यूनाइटिड फ्रण्ट की सरकार चल रही थी। उस सरकार ने जोन बनाने का निर्णय लिया। पहले छः जोन बनाने का निर्णय हुआ, उसके बाद सात जोन बने। इस बीच में माननीय ममता बनर्जी जी को रेल मंत्री बनने का मौका मिला। अगर यह अनजस्टीफाइड था, जोन नहीं बनना चाहिए था तो ममता बनर्जी ने इसे क्यों नहीं हटाया?

KUMARI MAMATA BANERJEE : He is mentioning my name. That is why I want to give a personal explanation.

श्री रघुनाथ झा : मैडम, अब हमें बोल लेने दीजिए, मैं बोल रहा हूं। आपने उस समय नहीं किया। रेल मंत्री कौन बने, किसको रेल पोर्टफोलियो दिया जाये, झगड़ा इससे शुरू हुआ और रेल जोन पर चला आया, रेल मंत्री पर चला आया। इनको मंत्री पद चाहिए और रेल मंत्री बनाओ तो बिहार किसी का उपनिवेश है क्या? हमने एक इंच भूमि बंगाल की नहीं ली, हमारे अपने इलाके में हमने जोन बनाया और इस पर उल्टे हमें तुर्रा दिखाया जा रहा है। सारे कोल कारखाने, कोल इलाका, कोल बैल्ट अधिकतर बिहार में और झारखण्ड में हैं और हैडक्वार्टर कलकत्ता में है। डी.बी.सी. का हैडक्वार्टर कलकत्ता में है। यह सब हम लड़कर लेने वाले हैं और कोई उपनिवेशवाद नहीं चलेगा। इस सवाल पर सरकार को टस से मस नहीं होना चाहिए और अगर सरकार होगी तो बिहार जल जायेगा, देश जल जायेगा, कभी भी हम लोग इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे।

SHRI AJOY CHAKRABORTY : It is not a question of Bihar and Bengal. It is the question of development of the Railways.

MR. SPEAKER: Are you against giving her a personal explanation?

...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have permitted her to give a personal explanation. ममता बनर्जी बोल रही हैं, उनको पर्सनल एक्सप्लेनेशन देने दें।

KUMARI MAMATA BANERJEE : My personal explanation is that I would request the hon. Member to cross-check from the Lok Sabha questions which have been replied to by me. When I was the Minister and when Members had raised this question, to every question I said in reply that "It is under review", because at that time my predecessor had set up the Rakesh Mohan Committee which went in detail into the question of division and restructuring. That is why I waited to see his comments and opinion.

The fact is that even Shri Digvijay Singh, who is from their Party, had also replied that "It is under review". From my part, I have only said, "It is under review". When the Rakesh Mohan Committee Report was tabled in the House, I had resigned. But I have seen the Report and I know that he has commented against this.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष जी हमारा भी नोटिस है।

अध्यक्ष महोदय : आपका नोटिस नहीं है।

कुंवर अखिलेश सिंह : मेरा स्थगन प्रस्ताव है।

अध्यक्ष महोदय : मैं देखता हूं।

कुंवर अखिलेश सिंह : मैंने खुद नोटिस दिया है।

अध्यक्ष महोदय : यह चर्चा एडजर्नमेंट मोशन पर नहीं है।

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, नया जोन एक नहीं बना है, अनेक जोन बने हैं, लेकिन हाजीपुर जोन को लेकर काफी चर्चा बढ़ी हुई है और हाजीपुर जोन मेंâ€¦ (व्यवधान)

श्री हन्नान मोल्लाह : हमारा ऐसा मत नहीं है।

श्री प्रभुनाथ सिंह : आप सुनिये तो सही। हाजीपुर जोन में खासकर मुगलसराय और धनबाद मंडल को लेकर यह विवाद बना हुआ है ।अध्यक्ष जी, मैं बताना चाहता हूं कि जो हाजीपुर जोन बना हुआ है, उसमें कल का बिहार, आज का बिहार और झारखंड के अलावा एक इंच भी जमीन किसी दूसरे प्रांत की नहीं है। जिस धनबाद जोन को लेकर इतनी चर्चा चल रही है, जो भी वहां से कोयले की लदाई होती है, उसमें 98 प्रतिशत कोयला मुगलसराय के रास्ते से दिल्ली, बनारस और देश के बाकी हिस्सों में जाता है। केवल दो प्रतिशत ही कोयला है जो हावड़ा की ओर आसनसोल होकर जाता है। अब क्या औचित्य है उस मंडल को हावड़ा में शामिल करने का, यह मेरी समझ में नहीं आता। बिहार के लोगों ने या देश के किसी और हिस्से के लोगों ने कभी यह बात नहीं उठाई कि हावड़ा में क्यों तीन महाप्रबंधक बैठते हैं। इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है। अध्यक्ष जी, मैं बताना चाहता हूं कि संसद की रेलवे से सम्बन्धित संयुक्त स्थाई समिति के अध्यक्ष बसुदेव आचार्य जी थे। इन्होंने नए जोन के निर्माण की अपनी रिपोर्ट में अनुशंसा की है।

श्री बसुदेव आचार्य : यह सही बात नहीं है। आपने रिपोर्ट को पढ़ा नहीं है। पहले आप रिपोर्ट पढ़ें, बिना पढ़े क्यों बोल रहे हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : एक हमारे साथी सांसद संत महात्मा भी इस पर बोल रहे थे। मैं उनको बताना चाहता हूं कि बिहार के लोगों ने इस बात पर आपत्ति नहीं की जब बनारस और मुगलसराय मात्र तीन किलोमीटर की दूरी पर हैं, वहां दो मंडल बनाए गए। लेकिन आज बिहार में एक जोन का निर्माण हो रहा है तो सबको बेचैनी है, परेशानी हो रही है। परेशानी उस समय शुरू हुई, जब बंगाल में आंदोलन हुआ। प्रतिक्रियास्वरूप बिहार में भी आंदोलन हुआ और रेल पटरियों को उखाड़ा गया। इससे देश के लोगों में एक संशय का वातावरण बना। जो यह निर्माण किया गया है, उसके पहले तीन बार यह मामला केबिनेट में जा चुका है। केबिनेट की मंजूरी के बाद ही इस जोन का निर्माण हुआ है। प्रशासनिक दृटिकोण से निर्णय लेने का काम भारत सरकार और रेल मंत्रालय को है कि वह कहां मंडल का गठन करे और किस ढंग से उसका प्रशासन सही तरीके से चलाया जाए। इसमें आर्थिक सवाल उठाए जाते हैं। मैं बसुदेव आचार्य जी से पूछता हूं कि बंगाल में जो जिले बढ़ाए जाते हैं, थाने बढ़ाए जाते हैं, जो प्रखंड बढ़ाए जाते हैं, क्या आपने कभी उसकी अनुमति केन्द्र सरकार से मांगी है ? रेल मंत्रालय ने आर्थिक दृटिकोण से उस मंडल का

निर्माण किया है।

अध्यक्ष महोदय : अब आप समाप्त करें।

श्री प्रभुनाथ सिंह : मैं दो मिनट में समाप्त करूंगा।

अध्यक्ष महोदय : आपको पांच मिनट हो गये हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : इस बीच अखबारों में और मीडिया में इसको लेकर बड़ी चर्चा चली। मैं यह कहता हूं कि इस बात को ज्यादा तूल नहीं दिया जाए कि कहीं यह सवाल ममता और समता का न बन जाए, बंगाल और बिहार का न बन जाए। देश के कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इस नए जोन के निर्माण के लिए बधाई दी है। इनमें छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री हैं, मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री हैं, झारखंड के मुख्य मंत्री हैं और राजस्थान के भी मुख्य मंत्री हैं। रिपोर्ट की चर्चा की जाती है कि कुछ पूर्व अध्यक्षों ने इसके खिलाफ पत्र लिखा है। कल हमने मीडिया में कहा था कि कुछ पूर्व अध्यक्ष दिल्ली के फाइव स्टार होटल में बैठकर एक जालसाजी का धंधा कर रहे हैं। वे लोग जाली मोहरें बनाकर रेलवे का कारोबार कर रहे हैं। हमने कहा था कि इसकी सी.बी.आई. द्वारा जांच कराई जाए और इनके खिलाफ कार्रवाई करके इन्हें गिरफ्तार किया जाए।

बिहार का कोई भी शोाण नहीं कर सकता। इसलिए रघुनाथ झा जी ने जो कहा, वह सही है। उन्होंने कोल इंडिया के कार्यालय का सवाल उठाया था। कोल इंडिया का कार्यालय कोलकाता में है। एक छोटी सी कोलरी है, लेकिन बंगाल के मंत्री चीन में जाकर वहां से कोयला खरीदते हैं। लगता है उन्हें बंगाल का कोयला पसंद नहीं है। चीन का कोयला बंगाल में इस्तेमाल होता है इसलिए वहां इसके कार्यालय का कोई औचित्य नहीं है। हमारी मांग है कि कोल इंडिया का कार्यालय और बी.सी.सी.एल. का कार्यालय बिहार में होना चाहिए। मेरी विनती है कि रेल जोन पर टीका-टिप्पणी करने पर रोक लगाई जाए।

MR. SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.30 p.m.

<u>13.20 hrs.</u>

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till thirty minutes

past Fourteen of the Clock.